Need for CBI investigation of alleged violent killing of a person in Bhilwara district, Rajasthan

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल (बाड़मेर) : माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक अत्यंत गंभीर और संवेदनशील मुद्दा उठना चाहता हूं ।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य, जिस विषय को आप उठाना चाहते हैं, यह विषय राज्य सरकार का है, आप अपनी बात संक्षिप्त में रखिए ।

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल : माननीय सभापति महोदय, गुजरात के राजकोट में हुई राजकुमार जाट की संदिग्ध हत्या के मामले की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं । राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के झबरकिया (सहाड़) के निवासी थे । गुजरात के राजकोट में छोटे पावभाजी व्यवसायी अपने पिता रतन लाल जाट के साथ रहकर होनहार युवा राजकुमार जाट यूपीएससी की तैयारी कर रहा था । अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से उसकी हत्या एक षड्यंत्र के तहत की गई, जिससे न केवल उनका परिवार बल्कि पूरा समाज शोक और दु:ख में है । जानकारों के माध्यम से घटना की जानकारी के कुछ बिन्दु बताना चाहता हूं ।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य आप केन्द्र सरकार से क्या चाहते हैं?

? (व्यवधान)

श्री उम्मेदा राम बेनीवाल : माननीय सभापति महोदय, जब राजकुमार अपने पिता के साथ मंदिर जा रहे थे, तब गोंडल में पूर्व विधायक के बंगले के पास कुछ लोगों ने जबरन रोक लिया और बंगले के अंदर ले गए । बंगले के अंदर दस-पन्द्रह लोगों ने राजकुमार के साथ बेरहमी से मारपीट की ।

3 मार्च को राजकुमार कमरे में सोने चला गया, लेकिन अगली सुबह वह लापता था । उसके पिता ने स्थानीय पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली । 4 मार्च, 2025 को राजकुमार का शव गोंडल से 55 किलोमीटर दूर कुवाड़वा में एक सड़क पर मिला । पुलिस ने इसको हिट एंड रन का मामला बताकर शव को राजकोट के सिविल अस्पताल में भेज दिया । गुमशुदगी की रिपोर्ट के बाद भी उसके पिता को घटना की सूचना नहीं दी गई ।

महोदया, यह एक अति असंवेदनशील मामला है और माननीय प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी के गृह राज्य की घटना है । मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि वह गुजरात सरकार को निर्देशित कर इस गंभीर मामले की जांच सीबीआई से कराने की अनुशंसा करे, ताकि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच हो सके और पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके ।